फोर्स मोटर्स व पुनेरी पल्टन ने मिलाया हाथ

अलवर| पुणे स्थित ऑटोमेटिव निर्माता फोर्स मोटर्स ने शुक्रवार को कबड्डी लीग के लिए टीम पुनेरी पल्टन के मुख्य प्रायोजक होने की घोषणा की है। पिछले साल यह शीर्ष स्थान के दावेदारों में से एक थी। इस साल टीम के कप्तान दीपक निवास हूडा होंगे और कोच आरसी रमेश होंगे। दीपक हूडा कबड्डी वर्ल्ड 2016 में देश का प्रतिनिधित्व भी कर चुके हैं। टीम का पहला मैच 27 जुलाई को यू मुंबइन हैदराबाद के साथ होगा। आशुतोष खोसला प्रेसिडेंट सेल्स व मार्केटिंग फोर्स मोटर्स का कहना है कि इस खेल के तीन आधार स्तंभ है। हमारे मल्टी यूटिलिटी वाहनों की टैक्स रेंज और कृषि ट्रैक्टर्स बलवान में भी यही खूबियां है। जो इस टीम को शीर्ष स्थान का एक दावेदार बनाती है।